**प्रेस नोट**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित चिल्ड्रेन पार्क/ओपन जिम का कराया गया सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार :-**

गोण्डा। आज दिनांक 22.04.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित चिल्ड्रेन पार्क/ओपन जिम के सौन्दर्यीकरण/ जीर्णोद्धार का फीता काटकर लोकापर्ण किया गया। चिल्ड्रेन पार्क/ओपन जिम का निर्माण 191*186 वर्गफीट में कराया गया है । जिसमें एक मुख्य गेट सहित कुल 02 गेट की व्यवस्था है । जिम में मंकी बार, क्लाइंबिंग वॉल, स्लाइड, पुल-अप बार, बैलेंस बीम, स्वींग, रोप क्लाइंबिंग, स्प्रिंग राइडर्स इत्यादि आधुनिक खेल उपकरण लगाए गये है। जो बच्चो के उनके उम्र के अनुकूल शारीरिक विकास और मनोरंजन का बढावा देने हेतु उपयोगी है। बेहत्तर प्रकाश की व्यवस्था हेतु जिम के चाहर दिवारी पर 70 अत्याधुनिक LED लाइट्स लगाई गयी है। इसके अतिरिक्त जिम एक सिरे पर हाई मास्ट लाइटिंग की व्यवस्था है। जिम में हरित वातावरण के लिए पेड़ पौधो की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गयी है। ये जिम पुलिस लाइन स्थित अमर शहीद श्री राजेंद्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल के बगल में स्थित है।

महोदय द्वारा बताया गया कि यह चिल्ड्रेन पार्क बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक सुरक्षित और रचनात्मक स्थान प्रदान करेगा। ये जिम बच्चो की उम्र व शारीरिक क्षमता को ध्यान में रख कर स्थापित किया गया है ताकि वे व्यायाम के माध्यम से अपने उर्जा का सकारात्मक उपयोग कर सकें। बच्चे स्वस्थ वातावरण में खेलकूद और मनोरंजन के अवसर प्राप्त करें, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो।

**इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय , क्षेत्राधिकारी लाइन श्री उदित नारायण पालिवाल, क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय व प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.04.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में चल रहे अभ्यार्थियों के चिकित्सा परीक्षण स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का लिया जायजा, सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

गोण्डा। आज दिनांक 22.04.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में चल रहे अभ्यार्थियों के चिकित्सा परीक्षण स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा अभ्यार्थियों के प्रवेश द्वार, बायोमैट्रिक स्थल व चिकित्सा परीक्षण स्थल पर लगाए गए सी0सी0टी0वी0 कैमरों की स्थिति को चेक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा जनपदीय/मण्डलीय मेडिकल बोर्ड के अधिकारियों को चिकित्सा परीक्षण की जो नियम एवं शर्ते है, उनके अनुरूप ही सभी परीक्षण किए जाने तथा किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता न होने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को उनके कर्तब्यों के प्रति सतर्क और जिम्मेदार रहने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा अभ्यार्थियों से वार्ता कर उनकी सकुशलता जानी गयी तथा उनके साथ किसी भी प्रकार की अनियमिता होने की स्थिति में तुरंत उनके समक्ष शिकायत दर्ज कराने हेतु बताया गया।
उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित 412 अर्ह अभ्यार्थियों का चिकित्सा परीक्षण दिनांक 22.04.2025 से 29.04.2025 तक जनपद गोण्डा में होना है। जिसमें आज दिनांक 22.04.2025 को 57 महिला अभ्यार्थियों का चिकित्सा परीक्षण किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होकर कार्य समाप्त होने तक संपादित की जाएगी। चिकित्सा परीक्षण स्थल की लगातार सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जा रही है। भर्ती की सुचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनो प्रकार की टीमें अपना काम कर रही है।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.04.2025, थाना - को0नगर**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना को0नगर क्षेत्रान्तर्गत घर में घुसकर चोरी करने के 02 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे चोरी का 01 अदद टुल्लू मोटर, 01 अदद सिलाई मशीन, 15 अदद झूमर, 05 बण्डल तार बरामदः**

**कार्यवाहीः-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0- 302/25, धारा 331(4), 305, 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तों 01. रहीम, 02. सैफ उर्फ काटा को सेमरा दम्मन से रेलवे स्टेशन जाने वाली आरसीसी मार्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की **01 अदद टुल्लू मोटर, 01 अदद सिलाई मशीन, 15 अदद झूमर, 05 बण्डल तार** बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

वादी श्री विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 छेदीलाल गुप्ता निवासी खैराबाग थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा दिनांक 20.04.2025 को थाना को0नगर पर सूचना दिये कि दिनांक 17/18.04.2025 की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में घुस कर बिजली का तार, सिलाई मशीन, झूमर आदि चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0- 302/2005, धारा 331(4), 305 बी0एन0एस0 बनाम अरज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनाकं 22.04.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा तकनीकी/मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर 02 आरोपी अभियुक्तों 01. रहीम, 02. सैफ उर्फ काटा को सेमरा दम्मन से रेलवे स्टेशन जाने वाली आरसीसी मार्ग से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की **01 अदद टुल्लू मोटर, 01 अदद सिलाई मशीन, 15 अदद झूमर, 05 बण्डल तार** बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. रहीम पुत्र रियाज अली निवासी खैराबाग, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा।
02. सैफ उर्फ काटा पुत्र मुन्ना निवासी खैराबाग, थाना कोवताली नगर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0स0- 302/25, धारा 331(4), 305, 317(2) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. 01 अदद टुल्लू मोटर
02. 01 अदद सिलाई मशीन,
03. 15 अदद झूमर
04. 05 बण्डल तार

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 उदित कुमार वर्मा
02. हे0का0 श्रवण कुमार यादव,
03. का0 राहुल पाल

**मीडिया सेल, गोण्डा।**